लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........दैनिक भास्कर........
दिनांक 23.1.2020 पृष्ठ सं. 3 कॉलम 1-5

**आयोजन** • एचएयू में राष्ट्रीय गणित दिवस पर पोस्टर मेकिंग, भाषण, वाद-विवाद एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई

# गणित रटने की बजाय समझने की जरूरत : डॉ. सहरावत

भास्कर न्यूज | हिसार



एचएयू में गणित दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि व अन्य।

एचएयू के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के गणित एवं सांख्यिकी विभाग की तरफ से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी निदेशालय के सौजन्य से बुधवार को राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुसंधान निदेशक डॉ. एसके सहरावत तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष प्रो. एलएस कौशिक एवं गणित एवं सांख्यिकी विभाग के प्रो. बी.डी. गौतम उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के प्रो. राजवीर सिंह ने की। डॉ. सहरावत ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए बताया कि मौलिक तथ्यों की जानकारी के बिना गणित एवं सांख्यिकी की गहनता को समझा नहीं जा सकता इसलिए इसको रटने की बजाय समझने की जरूरत है। उन्होंने गणितीय रंगोली की प्रशंसा करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए। उन्होंने भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कृत किया। प्रो. कौशिक ने गणित एवं सांख्यिकी के कृषि के क्षेत्र में महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सांख्यिकी को विज्ञान और विज्ञान को सांख्यिकी का आधार माना जाता हैं। प्रो. गौतम ने विद्यार्थियों को अनुशासनबद्ध तरीके से पढ़ने की सलाह दी। अधिष्ठाता, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के प्रो. राजवीर सिंह ने बताया कि गणितीय कार्यशाला में विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों से लगभग 150 विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....पंजाब केसरी....

दिनांक 23.1.2020 पृष्ठ सं. 11 कॉलम 1-2

# गणित को रटने की बजाय समझने की जरूरत : डा. सहरावत




*कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यातिथि व अन्य।*

हिसार, 22 जनवरी (ब्यूरो): चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के गणित एवं सांख्यिकी विभाग ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी निदेशालय के सौजन्य से राष्ट्रीय गणित दिवस आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि अनुसंधान निदेशक, डा. एस.के. सहरावत तथा विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष प्रो. एल.एस. कौशिक एवं गणित एवं सांख्यिकी विभाग के प्रो. बी.डी. गौतम थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के प्रो. राजवीर सिंह ने की। डा. सहरावत ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए बताया कि मौलिक तथ्यों की जानकारी के बिना गणित एवं सांख्यिकी की गहनता को समझा नहीं जा सकता इसलिए इसको रटने की बजाय समझने की आवश्यकता है।

उन्होंने गणितिय रंगोली की प्रशंसा करते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस दिवस पर पोस्टर मेकिंग, भाषण, वाद-विवाद एवं प्रश्नोत्तरी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम.........अमर उजाला.........
दिनांक 23.1.2020 पृष्ठ सं. 6 कॉलम 1-2

## गणित को समझना जरूरी : प्रो. गौतम



हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के गणित एवं सांख्यिकी विभाग के द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी निदेशालय के सौजन्य से राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुसंधान निदेशक डॉ. एसके सहरावत थे तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष प्रो. एलएस कौशिक गणित एवं सांख्यिकी विभाग के प्रो. बीडी गौतम उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के प्रो. राजवीर सिंह ने की। डॉ. सहरावत ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए बताया कि मौलिक तथ्यों की जानकारी के बिना गणित एवं सांख्यिकी की गहनता को समझा नहीं जा सकता, इसलिए इसको रटने की बजाय समझने की आवश्यकता है। उन्होंने गणितीय रंगोली की प्रशंसा करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग, भाषण, वाद-विवाद एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रो. मंजू टांक ने सभी अतिथिगण का स्वागत किया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....दैनिक जागरण....
दिनांक..23.1.2020....... पृष्ठ सं....15.......... कॉलम....1.......

## मधुमक्खी पालन एवं खुम्ब उत्पादन का दिया प्रशिक्षण

हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान (नजदीक गेट नं. 3, बालसमंद रोड) द्वारा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत राष्ट्रीय कृषि कौशल परिषद के सहयोग से किसानों, महिलाओं तथा बेरोजगार युवाओं के लिए मधुमक्खी पालन और खुंब उत्पादन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यकारी सह निदेशिका (प्रशिक्षण), डा. मंजू दहिया के अनुसार इच्छुक प्रतिभागी उपरोक्त कार्यालय में आकर संबधित प्रशिक्षण के लिए आधार कार्ड, शैक्षिक योग्यता व बैंक पासबुक की फोटोकॉपी तथा एक रंगीन फोटो के साथ आवेदन कर सकते हैं। ये दोनों प्रशिक्षण निशुल्क हैं। (जासं)

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....अमर उजाला, दैनिक भास्कर....
दिनांक 23.1.2020...... पृष्ठ सं. 6, 2....... कॉलम 1-2, 6....

## हकृवि में मधुमक्खी पालन एवं खुंब उत्पादन का दिया जा रहा प्रशिक्षण

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के साइना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा किसानों, महिलाओं तथा बेरोजगार युवाओं के लिए मधुमक्खी पालन तथा खुंब उत्पादन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षणों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यकारी सह निदेशिका (प्रशिक्षण) डॉ. मंजू दहिया ने बताया कि इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत राष्ट्रीय कृषि कौशल परिषद के सहयोग से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण बिल्कुल निशुल्क दिया जा रहा है।

## एचएयू में मधुमक्खी पालन का दिया जाएगा प्रशिक्षण

**हिसार**| एचएयू के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत राष्ट्रीय कृषि कौशल परिषद के सहयोग से किसानों, महिलाओं तथा बेरोजगार युवाओं के लिए मधुमक्खी पालन तथा खुम्ब उत्पादन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यकारी सह निदेशिका (प्रशिक्षण) डॉ. मंजू दहिया ने दी जानकारी।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: सिटी पल्स
दिनांक: 22-1-2020 पृष्ठ सं: 4 कॉलम: 1-2


# हकृवि मे मधुमक्खी पालन एवं खुम्ब उत्पादन पर प्रशिक्षण

**सिटी पल्स न्यूज़, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान (नजदीक गेट नं. 3, बालसमंद रोड़) द्वारा प्रधानमन्त्री कौशल विकास योजना के तहत राष्ट्रीय कृषि कौशल परिषद् के सहयोग से किसानों, महिलाओं तथा बेरोजगार युवाओं के लिए मधुमक्खी पालन तथा खुम्ब उत्पादन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षणों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यकारी सह निदेशिका (प्रशिक्षण), डॉ. मंजू दहिया के अनुसार इच्छुक प्रतिभागी उपरोक्त कार्यालय में (सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे) आकर संबंधित प्रशिक्षण के लिए आधार कार्ड, शैक्षिक योग्यता व बैंक पासबुक की फोटोकॉपी तथा एक रंगीन फोटो के साथ आवेदन कर सकते हैं जोकि प्रशिक्षण में पंजीकरण के लिए जरूरी है। ये दोनों प्रशिक्षण बिल्कुल निःशुल्क हैं।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....पाठक पक्ष....
दिनांक..22.1.2020.... पृष्ठ सं....4.... कॉलम...1-4...

# हकृवि में उत्तराखंड के उच्चतर शिक्षा मंत्री का दौरा



हिसार, 22 जनवरी (निस) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि और कृषि से जुड़े गतिविधियों में किसानों, युवा छात्रों और उद्यमियों के स्टार्ट-अप के लिए तकनीकी सहयोग, प्रशिक्षण व वित्तिय सहायता हेतू स्थापित एग्री बिजनेस इन्क्यूबेशन सैंटर का उत्तराखंड के उच्चतर शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने दौरा किया। उन्होंनें विश्वविद्यालय में चल रही विभिन्न परियोजनाओं के बारे मे विस्तार से जानकारी ली तथा विश्वविद्यालय द्वारा कृषि क्षेत्र के उत्थान के लिए चलाई जा रही नवीन परियोजनाओं की सराहना की तथा उन्हें उत्तराखंड में भी ऐसी परियोजनाओं को शुरू करने के लिए रूचि दिखाई। कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने शिक्षा मंत्री को एग्री बिजनेस इंक्युबेशन सैंटर के बारे में बताते हुए कहा कि इस सैंटर के माध्यम से हमारे किसान विश्वविद्यालय की तकनीकी सहायता लेकर कृषि के क्षेत्र में सफल उद्यमी होने की तरफ अग्रसर हैं। यह किसानों को सीधे तौर पर व्यवसाय से जोड़ने तथा उनके उत्पाद को उचित दाम मिलने के उद्देश्य को पूरा कर रहा है। इन्क्यूबेशन सैंटर न केवल किसानों को व्यवसायी बनाता है बल्कि तकनीकी राय एवं कौशल भी प्रदान करता है। एबिक से जुड़कर युवा व किसान रोजगार मांगने की बजाय रोजगार देने वाला बन सकता है। यह सेंटर उद्यमियों से संबंध विकसित करके और उत्पाद प्रसंस्करण एवं उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार हेतु अनुसंधान एवं विकास के लिए मंच प्रदान करने के साथ बुनियादी सुविधाएं और तकनीकी ज्ञान प्रदान करता है। इस केन्द्र का उद्देश्य कृषि प्रौद्योगिकियों के व्यावसायीकरण और स्टार्टअप कंपनियों के बिजनेस की स्थापना के लिए मार्गदर्शन करना व कार्य की सफलता और स्थिरता के लिए परामर्श, प्रशिक्षण, व्यवसाय सलाहकार सेवाएं प्रदान करना भी हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के ओएसडी डॉ. एमके गर्ग, कुलपति की धर्मपत्नी डॉ. संजेश सिंह, नॉडल अधिकारी, डॉ. सीमा रानी व अन्य उपस्थित थे।